**NATIONAL SERVICE SCHEME**

**MAHILA SNATKOTTAR MAHAVIDYALAYA, BAHRAICH**

**2024-25**



**Professor (Dr.) Priya Mukherjee**

Principal/Patron



**Dr. Amrita Mishra**

Program Officer

# महिला महाविद्यालय,बहराइच (उ0प्र0)

## सम्बद्ध-डॉ0 राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या (उ0प्र0)

## राष्ट्रीय सेवा योजना

## (वार्षिक प्रगति आख्या)

## सत्र -2024-2025

## जुलाई माह में राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राओं द्वारा किये गये कार्यों का विवरण-

महिला महाविद्यालय, बहराइच में सत्र-2024-2025 में छात्राओं के स्नातक कक्षाओं में प्रवेश के साथ ही महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई एक में छात्राओं के प्रवेश का कार्य भी सम्पादित हुआ। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक के द्वारा कार्यों का आरम्भ महाविद्यालय एवं चयनित ग्राम सिसई हैदर में स्वच्छता अभियान के साथ हुआ। छात्राओं ने चयनित गांव में जाकर ग्रामीणों के मध्य स्वच्छता के महत्व का प्रचार-प्रसार किया व ग्रामीणों को इसके लाभ से अवगत कराया। इसके पश्चात छात्राओं ने ग्रामीणों के साथ मिलकर गांव की साफ-सफाई की गांव के मुख्य मार्गों को साफ किया। सड़क के गड्ढों को मिट्टी डालकर पाटा व उन्हें हमेशा स्वच्छ रहने तथा अपने आस-पास स्वच्छता रखने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 अमृता मिश्रा ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छता एक अच्छी आदत है और स्वस्थ्य रहने का एकमात्र सटीक तरीका है। हमें साफ-सफाई से जुड़ी सभी बातों और निर्देशों से अवगत रहना चाहिए इसके पश्चात सभी ने स्वच्छता की शपथी ली।

**दिनाँक-20-7-2024** को महिला महाविद्यालय बहराइच में प्राचार्या प्रो.(डॉ0) प्रिया मुखर्जी के निर्देशानुसार महाविद्यालय पर्यावरण समिति और राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में ‘एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें अमरूद, नींबू ,जामुन इत्यादि विभिन्न प्रकार के 730 पौधे लगाए गए। इस मौके पर मुख्य अतिथि महाविद्यालय प्रबंध समिति के सचिव श्री श्यामकरण टेकड़ीवाल के साथ ही साथ सभी प्रवक्ताओं व छात्राओं द्वारा पौधे लगाए गए। मुख्य अतिथि ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूकता फैलाना और वृक्षारोपण को बढ़ावा देना है। इस अभियान के तहत लोगों को प्रेरित किया जाता है कि वे अपनी मां के नाम पर एक पेड़ लगाएं, जिससे न केवल पर्यावरण में सुधार हो, बल्कि यह भावनात्मक रूप से जुड़ाव भी पैदा करता है। यह अभियान यह संदेश देता है कि मां की तरह ही पेड़ भी जीवन देने वाले होते हैं। जैसे मां अपने बच्चे के लिए सभी आवश्यक चीजें प्रदान करती हैं, वैसे ही पेड़ भी हमें ताज़गी, आक्सीजन, शुद्ध हवा, और प्राकृतिक संसाधन प्रदान करते हैं। पेड़ लगाने से पर्यावरण को सहेजने, जलवायु परिवर्तन से लड़ने और वन्यजीवों के संरक्षण में मदद मिलती है। प्राचार्या प्रोफेसर प्रिया मुखर्जी ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान से न केवल हम अपनी माताओं के प्रति श्रद्धा व्यक्त करते हैं, बल्कि भविष्य की पीढ़ियों के लिए एक हरित और सुरक्षित वातावरण भी सुनिश्चित करते हैं। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 अमृता मिश्रा ने छात्राओं को यह संकल्प भी दिलाया कि हम न केवल पौधे लगायेंगे बल्कि उनके संरक्षण का भी प्रयास करेंगे। यदि हम आज इनको संरक्षित करते हैं तो यही पौधे कल वृक्ष बनकर एक माँ कि तरह हमारे जीवन की देखभाल करेंगे। इसके साथ ही महाविद्यालय के समस्त कर्मचारियों, प्रवक्तागण तथा छात्राओं में पौधे वितरित किए गए। इस अवसर पर पर्यावरण समिति के सदस्य डॉ0 संजय पाल सिंह, कु0 आकांक्षा पटेल, डॉ0 सरिता यादव तथा

राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 अमृता मिश्रा समेत समस्त प्रवक्तागण व कर्मचारियों की उपस्थिति रहीं।





## <u>अगस्त माह में राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राओं द्वारा किये गये कार्यों का विवरण–</u>

विश्व स्तनपान सप्ताह (World Breastfeeding Week) हर साल 1 से 7 अगस्त तक मनाया जाता है, ताकि स्तनपान के महत्व को बढ़ावा दिया जा सके और माताओं को इसके लाभ के बारे में जागरूक किया जा सके। इसी क्रम में दिनाँक 03–08–2024 को महिला महाविद्यालय, बहराइच में प्राचार्या प्रो. (डॉ0) प्रिया मुखर्जी के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना और बालिका हेल्थ क्लब के संयुक्त तत्वावधान में विश्व स्तर पर चलाए जा रहे 'विश्व स्तनपान सप्ताह'(1 अगस्त से 7 अगस्त तक) के तहत् कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके अन्तर्गत छात्राओं को जिला चिकित्सालय बहराइच के कम्युनिटी मेडिसिन विभाग के डॉ0 नृपेन्द्र व डॉ0 गीता सिंह द्वारा स्तनपान से नवजात शिशु और माँ को होने वाले स्वास्थ्य लाभ के संबंध में जागरूक किया गया।इस अवसर पर डॉ0 नृपेन्द्र सिंह ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज कि छात्राएं ही भावी माताएँ होंगी ऐसे में स्तनपान के संबंध में सही जानकारी अत्यावश्यक हो जाती है। जब वे जागरूक होंगी तभी अपने आसपास के लोगों को भी जागरूक कर पाएंगी। डॉ0 गीता सिंह ने शिशु को स्तनपान कराने की सही पोजिशन के बारे में बताते हुए कहा कि माँ का दूध शिशु के लिए संपूर्ण आहार और विभिन्न संक्रामक रोगों से सुरक्षा के लिए प्रथम टीका है। यह न केवल शिशु के स्वस्थ विकास वरन् माँ को भी ब्रेस्ट कैंसर जैसी घातक बीमारियों से सुरक्षा प्रदान करता है। इस कार्यक्रम के अवसर पर महाविद्यालय समस्त प्रवक्तागण उपस्थित रहे।





**दिनाँक–12–08–2024** को महिला महाविद्यालय बहराइच की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक के द्वारा कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 अमृता मिश्रा के निर्देशन में काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में इतिहास विभाग से डॉ0 अंकिता सिंह एवं डॉ0 एस एन उपाध्याय ने छात्राओं को काकोरी एक्शन की पृष्ठभूमि एवं घटनाक्रम के बारे में विस्तार से बताया एवं कहा कि हमे ऐतिहासिक धरोहरों के प्रति गर्व का भाव रखने एवं आजादी के सपूतों को सदैव याद रखने एवं उनके प्रति ऋणी रहने जरूरत है। काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी समारोह मनाने का मुख्य उद्देश्य इस ऐतिहासिक घटना के महत्व को उजागर करना और स्वतंत्रता संग्राम में शहीद हुए क्रांतिकारियों की याद में एक श्रद्धांजलि अर्पित करना है। इसके अलावा, यह कार्यक्रम युवाओं को राष्ट्रीय गौरव और स्वतंत्रता संग्राम के योगदान के बारे में जागरूक करने का अवसर प्रदान करेगा। अमृता मिश्रा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए जीवन का एक ध्येय लेकर चलने के लिए प्रेरित किया और कहा कि जो संकल्प लेकर क्रांतिवीर आजादी के लिए लड़े थे, उन्हीं के कर्तव्यों का पालन करते हुए देश को सशक्त बनाया जा सकता है। जाति–मजहब या व्यक्तिगत हित राष्ट्र से बढ़कर नहीं हो सकता। सभी नागरिक अपने अपने कर्तव्यों का पालन करें तो हमारा देश भविष्य में नई ऊंचाइयों को छुएगा। कार्यक्रम में डॉ0 सायरा खातून, डॉ0 गरिमा राय आदि प्रवक्तागण उपस्थित रहे।





क्रांतिकारियों के पदचिन्हों पर चलकर ही देश की उन्नति संभव : डा. अमृता



भारत सरकार के निर्देशों का अनुपालन करते हुए दिनांक-14-08-2024 को महिला महाविद्यालय, बहराइच में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मनाया गया। आजादी के तत्काल पहले हुआ विभाजन प्रत्येक देशवासी के लिए किसी त्रासदी से कम न था ।यह वह दौर था जब धर्म व मजहब के आधार पर लाखों लोग ना चाहते हुए भी अपना मुल्क छोड़ने को मजबूर हो गए। सांप्रदायिकता की अग्नि में न जाने कितने ही लोगों ने प्रणाहूति दी व विस्थापित हुए लोगो ने नई जमीन पर स्वयं को स्थापित किया। आज का यह स्मृति दिवस आजादी के साथ-साथ इस विभीषिका व इस से भी ऊपर मानव की अदम्य जिजीविषा को भी याद करने का दिन है। अतः इस अवसर पर महिला महाविद्यालय, बहराइच में प्राचार्य प्रोफेसर डॉ0 प्रिया मुखर्जी की अध्यक्षता में तथा राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक की कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 अमृता मिश्रा के निर्देशन में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ0 प्रिया मुखर्जी ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि भेदभाव वैमनस्यता और सांप्रदायिकता के इस जहर ने किस प्रकार स्वतंत्रता जैसे उदात्त विषय को एक विभीषिका की पृष्ठभूमि के साथ संलग्न कर दिया। यह ऐसा घाव है जिसकी टीस हमेशा रहेगी लेकिन अब हमें एकता, सद्भाव व मानवीय संवेदना की आवश्यकता है, ताकि हम एक गौरवशाली राष्ट्र का निर्माण कर सकें। विभाजन की अग्नि में भस्म हुए लाखों गुमनाम देशवासियों की स्मृति को नमन करते हुए छात्राओं द्वारा मौन श्रद्धांजलि दी गई तथा जुलूस निकाला गया। छात्राओं के बीच विभाजन त्रासदी से संबंधित वृत्त चित्र का प्रसारण किया गया, विभाजन विभीषिका से संबंधित चित्रों की प्रदर्शनी लगाई गई तथा छात्राओं को विभाजन के विषय में जानकारी दी गई। समस्त कार्यक्रम प्राचार्या डॉ0 प्रिया मुखर्जी के निर्देशानुसार तथ राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 अमृता मिश्रा के कुशल संपादन में आयोजित हुआ। इस अवसर पर डॉ0 ज्योति त्रिपाठी, डॉ0 रीमा शुक्ला, डॉ0 यासमीन फातिमा, डॉ0 संजय पाल, सरिता यादव डॉ0 रीता शुक्ला एवं गरिमा राय आदि समस्त प्रवक्तागण उपस्थित रहे।









**विश्व स्तनपान सप्ताह' (1 अगस्त से 7 अगस्त तक) के तहत् कार्यक्रम का महिला महाविद्यालय में हुआ आयोजन**



**दिनाँक–15–08–2024** को महिला महाविद्यालय, बहराइच परिसर में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हर घर तिरंगा अभियान 2024 के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम का प्रारंभ महाविद्यालय के प्रबंधक श्री श्यामकरण टेकड़ीवाल द्वारा ध्वजारोहण करके किया गया। इन कार्यक्रमों में संगोष्ठी, व्याख्यान और विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम कराए गए इसके साथ ही वृक्षारोपण कार्यक्रम के जरिए महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. प्रिया मुखर्जी एवं कार्यक्रम प्रभारी डॉ0 संजय पाल सिंह द्वारा महाविद्यालय परिसर में 75 पौधे लगाए गए।इस अवसर पर प्राचार्या ने देश के वीर सपूतों और स्वतंत्रता सेनानियों के योगदानों को याद करते हुए महाविद्यालय और देश की प्रगति में योगदान के लिए छात्राओं को प्रेरित एवं प्रोत्साहित किया गया। समस्त कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना की

कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 अमृता मिश्रा के निर्देशन में संपन्न हुए, जिसका संचालन डॉ0 सिद्धेश्वर उपाध्याय द्वारा किया गया। इस अवसर पर समस्त प्रवक्तगण एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।






**<u>सितम्बर माह में राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राओं द्वारा किये गये कार्यों का विवरण-</u>**

**दिनांक-04-9-2024** को महिला महाविद्यालय बहराइच में प्राचार्या प्रो.(डॉ0) प्रिया मुखर्जी के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना व मिशन शक्ति के संयुक्त तत्वावधान में उ.प्र.सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति के अंतर्गत महिला सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में महिला थाना प्रभारी (जनपद बहराइच) मंजू यादव उपस्थित रहीं। उन्होंने छात्राओं को आत्म सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए सरकार द्वारा उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जारी विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी प्रदान की। इसके साथ ही छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए उन्होंने कहा कि वो चुप न रहें बल्कि अपराध के खिलाफ आवाज उठाएँ। निर्भीक बनें, सतर्क रहें और सुरक्षित रहें। कार्यक्रम का संचालन बालिका हेल्थ क्लब प्रभारी डॉ0 अंकिता सिंह ने किया। इस अवसर पर डॉ0 अमृता मिश्रा, डॉ0 मनीषा खन्ना, डॉ0 रीता शुक्ला, श्रीमती ज्योति त्रिपाठी, डॉ0 रीमा शुक्ला, डॉ0 दया कुमारी, डॉ0 सरिता यादव, कु0 आकांक्षा पटेल सहित समस्त सम्मानित प्रवक्तागण व छात्राओं की उपस्थिति रहीं।



अपराध का डटकर विरोध करें छात्राएं

महिला पीजी कॉलेज में महिला सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम में महिला थाना प्रभारी ने दी सुरक्षा की जानकारी

पुत्र ने की थी हत्या

दुष्कर्म मामले में दो अभियुक्तों



सितम्बर, 2024 3

किसी भी अपराध पर चुप रहने के बजाय डटकर विरोध करें छात्राएं : मंजू यादव

महिला पीजी कॉलेज में महिला सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित, महिला थाना प्रभारी ने दिए सुरक्षा के टिप्स

ई- रिक्शा को ट्रक ने मारी टक्कर, महिला की मौत, तीन लोग घायल

**दिनांक-05-09-2024** को महिला महाविद्यालय बहराइच में प्राचार्या प्रो.(डॉ0) प्रिया मुखर्जी के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना व बालिका हेल्थ क्लब के संयुक्त तत्वावधान में 1-7 सितम्बर तक चलने वाले पोषण सप्ताह के तहत दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। कार्यक्रम में डेंटोकेयर डेंटल क्लीनिक के डॉ0 गर्वित मल्होत्रा (डेंटल सर्जन) द्वारा छात्राओं के दांतों का निरीक्षण एवं परीक्षण कर उन्हे उचित इलाज एवं देखभाल का निर्देश दिया। छात्राओं और अध्यापकों को दांतों व

मुख की बीमारी तथा इसकी रोकथाम के साथ ही साथ नवीनतम तकनीकों के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 अमृता मिश्रा, बालिका हेल्थ क्लब की प्रभारी डॉ0 अंकिता सिंह, डॉ0 मनीषा खन्ना, डॉ0 गरिमा राय, कु0 रूही, डॉ0 सिद्धेश्वर उपाध्याय के साथ साथ अन्य संकाय सदस्यों एवं छात्राओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया।






## महिला पीजी कॉलेज में दंत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम

बहराइच। सरकार की नई शिक्षा नीति के तहत शिक्षण संस्थान अब केवल अध्ययन और अध्यापन के लिए ही नहीं बल्कि स्वास्थ्य जागरूकता केंद्र के रूप में विकसित हो रहे हैं। इसी क्रम में महिला पीजी कॉलेज में प्राचार्या प्रो. (डॉ.) प्रिया मुखर्जी के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना व बालिका हेल्थ क्लब के संयुक्त तत्वावधान में 1 -7 सितम्बर तक चलने वाले पोषण सप्ताह के तहत दंत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में डेंटीकेयर डेंटल क्लीनिक के डॉ. गर्विता मल्होत्रा (डेंटल सर्जन) द्वारा छात्राओं के दांतों का निरीक्षण एवं परीक्षण कर उन्हे उचित इलाज एवं देखभाल का निर्देश दिया। छात्राओं और अध्यापकों के दांतों व मुख के बीमारी तथा इसके रोकथाम के साथ ही साथ नवीनतम तकनीकों के बारे में बताया। कार्यक्रम में बालिका हेल्थ क्लब की प्रभारी डॉ. अंकिता सिंह व डॉ. अमृता मिश्रा, डॉ. मनीषा खन्ना, डॉ. गरिमा राय, डॉ. रूही, डॉ. सिद्धेश्वर उपाध्याय ने भाग लिया।






**दिनाँक–08–09–2024** को अंतराष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर महिला महाविद्यालय बहराइच में प्राचार्या प्रो प्रिया मुखर्जी के निर्देशन तथा राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 अमृता मिश्रा के संयोजन में अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की शिक्षिकाओं के नेतृत्व में छात्राओं ने जागरूकता रैली निकाल कर आम जन मानस को साक्षरता के लिए प्रेरित एवं जागरूक किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ0 अमृता मिश्रा ने कहा कि साक्षरता में वो शक्ति है जो एक स्वस्थ, सशक्त, उन्नत एवं प्रगतिशील समाज का निर्माण करती है। एक साक्षर समाज देश के विकास को गति देता है एवं उसकी नींव को मजबूत करता है। साक्षरता के महत्व को रेखांकित करने और अधिक साक्षर एवं टिकाऊ समाज की दिशा में साक्षरता के एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिवर्ष 8 सितंबर को अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस का आयोजन किया जाता है। डॉ0 सायरा खातून ने कहा कि साक्षर समाज ही गतिशील समाज होता है जो निरंतर विकासित होता रहता है। देश के विकास के लिए नागरिकों का साक्षर होना आवश्यक है। साक्षरता उन्नति एवं विकास का कारक बनती है। डॉ0 रूही ने छात्राओं को साक्षरता कार्यक्रम में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने एवं साक्षर भारत के सपने को साकार करने की शपथ दिलाई। इसके अतिरिक्त साल 2024 में अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस की थीम, बहुभाषी शिक्षा को बढ़ावा देना आपसी समझ और शांति के लिए साक्षरता विषय पर भी चर्चा की गई। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्रवक्तागण उपस्थित रहे।



# साक्षरता में है प्रगतिशील समाज के निर्माण की शक्ति : डॉ. अमृता

विश्ववार्ता संवाददाता

**बहराइच।** अंतराष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर महिला पीजी कॉलेज में प्राचार्या प्रो. प्रिया मुखर्जी के निर्देशन तथा राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रमाधिकारी डॉ अमृता मिश्रा के संयोजन में अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस का आयोजन किया गया।

इस मौके पर महाविद्यालय की शिक्षिकाओं के नेतृत्व में छात्राओं ने जागरूकता रैली निकाल कर आम जन मानस को साक्षरता के लिए प्रेरित एवं जागरूक किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ अमृता मिश्रा ने कहा कि साक्षरता में वो शक्ति है जो एक स्वस्थ, सशक्त, उन्नत एवं प्रगतिशील समाज का निर्माण करती है। एक साक्षर समाज देश के विकास को गति देता है एवं उसकी नींव को मजबूत करता है। साक्षरता के महत्व को रेखांकित करने और अधिक साक्षर एवं टिकाऊ समाज की दिशा में

» श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श

साक्षरता के एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिवर्ष इसी तारीख को अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस का आयोजन किया जाता है।

डॉ सायरा खातून ने कहा कि साक्षर समाज ही गतिशील समाज होता है जो निरंतर विकसित होता रहता है। देश के विकास के लिए नागरिकों का साक्षर होना आवश्यक है। साक्षरता उन्नति एवं विकास का कारक बनती है। डॉ रूही ने छात्राओं को साक्षरता कार्यक्रम में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने एवं साक्षर भारत के सपने को साकार करने की शपथ दिलाई। इसके अतिरिक्त साल 2024 में अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस की थीम, बहुभाषी शिक्षा को बढ़ावा देना: आपसी समझ और शांति के लिए साक्षरता विषय पर भी चर्चा की गई।



## साक्षरता में है प्रगतिशील समाज के निर्माण की शक्ति - डॉ. अमृता

## ब्लाक हुजूरपुर में 11 सितम्बर को आयोजित होगा रोजगार मेला



## साक्षरता में ही प्रगतिशील समाज के निर्माण की शक्ति : डॉ. अमृता मिश्रा

**दिनाँक-18-09-2024** को महिला महाविद्यालय बहराइच में प्राचार्या प्रोफेसर प्रिया मुखर्जी के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक के द्वारा कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 अमृता मिश्रा के संयोजन में स्वच्छ्ता ही सेवा अभियान **स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता** के अंतर्गत आज परिसर में स्वछता अभियान चलाया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राओं ने परिसर में झाडू लगाई कूड़े को एकत्र किया तथा सभी को स्वच्छता रखने हेतु जागरूक किया। डॉ0 अमृता मिश्रा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छता अभियान एक राष्ट्रव्यापी पहल है, जिसका उद्देश्य भारत को स्वच्छ, स्वस्थ और सुंदर बनाना है। इस अभियान के अंतर्गत स्वभाव, स्वच्छता और संस्कार तीनों को एक साथ जोड़ने की आवश्यकता है, ताकि हम न केवल अपने आस-पास की सफाई बनाए रखें, बल्कि समाज में सफाई के प्रति जागरूकता और जिम्मेदारी भी बढ़ाएं। स्वभाव का मतलब है हमारी आंतरिक प्रवृत्तियाँ और आदतें। अगर हमारे स्वभाव में स्वच्छता को लेकर सकारात्मक–दृष्टिकोण होगा, तो हम न सिर्फ खुद को, बल्कि समाज को भी स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित होंगे। अच्छा स्वभाव हमें स्वच्छता के प्रति जिम्मेदारी का अहसास कराता है। स्वच्छता अभियान का मुख्य उद्देश्य हमारे घरों, कार्यस्थलों, सड़कों और सार्वजनिक स्थानों की सफाई रखना है। यह सिर्फ कचरा उठाने

तक सीमित नहीं है, बल्कि पानी और संसाधनों का सही तरीके से उपयोग, अपशिष्ट प्रबंधन और पर्यावरण संरक्षण भी इसके महत्वपूर्ण पहलू हैं। संस्कार हमें सही दिशा में जीवन जीने की प्रेरणा देते हैं। संस्कारों के माध्यम से हम अपने बच्चों और आने वाली पीढ़ी को स्वच्छता और समाज के प्रति जिम्मेदारी का पाठ पढ़ा सकते हैं। यह सिर्फ शारीरिक सफाई से संबंधित नहीं, बल्कि मानसिक और सामाजिक स्वच्छता को भी बढ़ावा देता है। स्वच्छता अभियान को सफल बनाने के लिए हमें इन तीनों तत्वों—स्वभाव, स्वच्छता और संस्कार—को अपने जीवन में अपनाना होगा। यदि हम सब मिलकर इस अभियान का हिस्सा बनें, तो हम भारत को एक स्वच्छ और समृद्ध राष्ट्र बना सकते हैं। कार्यक्रम में डॉ0 ज्योति त्रिपाठी, डॉ0 रीमा शुक्ला, डॉ0 कमर जहाँ एवं डॉ0 मनीषा गुप्ता आदि प्रवक्तागण उपस्थित रहे।



एनएसएस की छात्राओं ने चलाया स्वच्छता अभियान

कॉलेज परिसर में सफाई करतीं एनएसएस की छात्राएं।



स्वच्छता अभियान चलाया

बहराइच। महिला महाविद्यालय में प्राचार्या प्रो. प्रिया मुखर्जी के नेतृत्व में बुधवार को राष्ट्रीय सेवायोजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अमृता मिश्रा की ओर से स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत छात्राओं ने सफाई की। इस अवसर पर लोगों को स्वच्छता के बारे में जागरूक किया गया। इस अवसर पर डॉ. ज्योति त्रिपाठी, डॉ. रीमा शुक्ला, डॉ. कमर जहां व डॉ. मनीषा गुप्ता आदि मौजूद रहीं। (संवाद)

**दिनाँक–19–09–2024** को महिला महाविद्यालय बहराइच में प्राचार्या प्रोफेसर प्रिया मुखर्जी के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक के द्वारा कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 अमृता मिश्रा के संयोजन में स्वच्छ्ता ही सेवा अभियान के अंतर्गत आज परिसर के खेल मैदान में स्वच्छता अभियान चलाया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राओं ने मैदान में झाड़ू लगाई कूड़े को एकत्र किया तथा उसका निस्तारण कर सभी को स्वच्छता रखने हेतु जागरूक किया। उन्होंने छात्राओं को अपने आस–पास स्वच्छता रखने एवं दूसरों को भी स्वच्छता अपनाने हेतु जागरूक किया। कार्यक्रम में डॉ0 कमर जहाँ एवं डॉ0 मनीषा गुप्ता आदि प्रवक्तागण एवं राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राएं उपस्थित रहीं।

**प्रथम संस्था ने चलाया सेफ स्कूल कार्यक्रम**

**महिला पीजी कॉलेज में दूसरे दिन भी जारी रहा स्वच्छता सेवा अभियान**

**कोर्ट में नही हो सकी सुनवाई**

## स्वच्छता अभियान चलाकर किया जागरूक



महिला महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान के तहत सफाई करती छात्राएं • जागरण

जासं • बहराइच : महिला महाविद्यालय में प्राचार्या प्रोफेसर डा. प्रिया मुखर्जी के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई-एक की ओर से गुरुवार को स्वच्छता अभियान चलाया गया।

कार्यक्रम अधिकारी डा. अमृता मिश्र की देखरेख में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत परिसर के खेल मैदान में स्वच्छता अभियान चलाया गया। छात्राओं ने मैदान में झाड़ू लगाई, कूड़े को एकत्र किया तथा उसका निस्तारण किया। सभी को स्वच्छता रखने के लिए जागरूक किया गया। इस मौके पर डा. कमर जहां, डा. मनीषा गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### भाजपा ने चलाया सदस्यता अभियान सफाई को किया प्रेरित

जासं • बहराइच : भारतीय जनता पार्टी की ओर से चलाए जा रहे सदस्यता अभियान के तहत गुरुवार को रानीपुर के गोकुलपुर मंडल मे शिविर लगाया गया। जिलाध्यक्ष बृजेश पांडेय ने सफाई कर दूसरों को भी स्वच्छता के लिए प्रेरित किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर चलाए जा रहे सेवा पखवाड़ा को भी मनाया जा रहा है। इसी के तहत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रमवापुर मे स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि घर व अपने आसपास के सार्वजनिक स्थलों की सफाई जरूरी होती है। बदलते मौसम मे इस अभियान का उद्देश्य है कि लोग स्वस्थ रहकर देश के विकास मे योगदान दें।

दिनाँक 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक चलने वाले स्वच्छ्ता अभियान स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता के अंतर्गत आज **दिनाँक–21–09–2024** को महिला महाविद्यालय बहराइच में प्राचार्या प्रोफेसर प्रिया मुखर्जी के संयोजन में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक के तत्वाधान एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 अमृता मिश्रा के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों के लिये स्वच्छता ही सेवा विषय पर निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं ने उत्साह के साथ प्रतिभाग किया एवं स्वच्छता से सम्बन्धित अपने विचारों को लेखनी के माध्यम से व्यक्त किया। कार्यक्रम में डॉ0 प्रियंका श्रीवास्तव ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।



## स्वच्छता अभियान चलाया

**बहराइच।** स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता के अंतर्गत महिला महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवायोजना इकाई के तत्वावधान में शुक्रवार को स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अमृता मिश्रा के साथ स्वयंसेवकों ने झाड़ू लगाकर साफ-सफाई की। इसके बाद छात्राओं को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर डॉ ज्योति त्रिपाठी, डॉ निधि मल्ल, सोनाली व डॉ. रामदेव चातक आदि मौजूद रहे। (संवाद)

दिनाँक 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक चलने वाले स्वच्छता अभियान ‘स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छ्ता के अंतर्गत आज **दिनाँक–23–09–2024** को महिला महाविद्यालय बहराइच में प्राचार्या प्रोफेसर प्रिया मुखर्जी के संयोजन में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक के तत्वाधान एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 अमृता मिश्रा के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों के लिये स्वच्छता ही सेवा विषय पर पोस्टर एवं स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं ने उत्साह के साथ प्रतिभाग किया एवं स्वच्छता से सम्बन्धित अपने कल्पना को कैनवस पर उकेरा। छात्राओ ने चार्ट पर विभिन्न स्लोगन लिखे तथा स्वच्छता संबंधी नारे भी लगाए।



सितम्बर, 2024

3

स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम : महिला पीजी कॉलेज में हुई पोस्टर प्रतियोगिता

संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत, सास, ससुर और पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज



## स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत महिला पीजी कॉलेज में हुई पोस्टर प्रतियोगिता

**बहराइच।** 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक चलने वाले स्वच्छता अभियान 'स्वभाव स्वच्छता , संस्कार स्वच्छता' के अंतर्गत सोमवार को महिला महाविद्यालय बहराइच में प्राचार्या प्रोफेसर प्रिया मुखर्जी के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक के तत्वाधान एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ अमृता मिश्रा के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों के लिये 'स्वच्छता ही सेवा' विषय पर पोस्टर एवं स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं ने उत्साह के साथ प्रतिभाग किया एवं स्वच्छता से सम्बन्धित अपने कल्पना को कैनवस पर उकेरा। छात्राओ ने चार्ट पर विभिन्न स्लोगन लिखे तथा स्वच्छता संबंधी नारे भी लगाए।



RSLKD 4 24.09.2024

केडीसी में चला स्वच्छता अभियान

भाव के भूखे होते हैं भगवान

राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस के अवसर पर दिनाँक 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक चलने वाले स्वच्छता अभियान स्वभाव स्वच्छ्ता, संस्कार स्वच्छता के अंतर्गत आज **दिनाँक-24-09-2024** को महिला महाविद्यालय बहराइच में प्राचार्या प्रोफेसर प्रिया मुखर्जी के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक के तत्वाधान एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 अमृता मिश्रा के संयोजन में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों के लिये स्वच्छता ही सेवा विषय पर गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें पूर्व कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 मनीषा खन्ना ने छत्राओं को सम्बोधित करते हुए उन्हें राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य तथा इसके लाभ बताते हुए बढ़ चढ़ कर इसमे उत्साह के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित

किया। इसके पश्चात डॉ0 अमृता मिश्रा द्वारा छात्राओं को माय भारत पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन हेतु प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कार्यक्रम के पश्चात् छात्राओं ने परिसर में झाड़ू लगाई, कूड़े को एकत्र कर उसके निस्तारण की व्यवस्था की एवं कमरों को व्यवस्थित कर उसमें जमीन धूल-मिट्टी को साफ किया एवं सभी से अपील की कि वे अपने आस पास सफाई रखें तथा दूसरों को भी स्वच्छ रहने के लिए प्रेरित करें। कार्यक्रम में डॉ0 अंजलि अग्रवाल, डॉ0 ज्योति त्रिपाठी, डॉ0 रीमा शुक्ला, डॉ0 सायरा खातून, डॉ0 प्रियंका श्रीवास्तव, डॉ0 आकांक्षा पटेल, डॉ0 दया कुमारी आदि प्रवक्तागण उपस्थित रहे।



राष्ट्रीय सेवा योजना के स्थापना दिवस पर उद्देश्यों को लेकर की गई चर्चा



स्वच्छता ही सेवा विषय पर हुई गोष्ठी

बहराइच। राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस पर महिला पीजी कॉलेज की प्राचार्या प्रोफेसर प्रिया मुखर्जी के नेतृत्व में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक में मंगलवार को स्वच्छता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ.अमृता मिश्रा ने स्वच्छता ही सेवा विषय पर गोष्ठी आयोजित की। इस अवसर पर डॉ.मनीषा खन्ना ने राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य तथा लाभ के बारे में बताया। इस अवसर पर डॉ. अंजलि अग्रवाल, डॉ. ज्योति त्रिपाठी, डॉ. रीमा शुक्ला, डॉ. सायरा खातून, डॉ. प्रियंका श्रीवास्तव, डॉ. आकांक्षा पटेल, डॉ. दया कुमारी आदि मौजूद रहे। (संवाद)



स्वच्छता ही सेवा विषय पर हुई गोष्ठी

बहराइच। राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस पर महिला पीजी कॉलेज की प्राचार्या प्रोफेसर प्रिया मुखर्जी के नेतृत्व में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक में मंगलवार को स्वच्छता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ.अमृता मिश्रा ने स्वच्छता ही सेवा विषय पर गोष्ठी आयोजित की। इस अवसर पर डॉ.मनीषा खन्ना ने राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य तथा लाभ के बारे में बताया। इस अवसर पर डॉ. अंजलि अग्रवाल, डॉ. ज्योति त्रिपाठी, डॉ. रीमा शुक्ला, डॉ. सायरा खातून, डॉ. प्रियंका श्रीवास्तव, डॉ. आकांक्षा पटेल, डॉ. दया कुमारी आदि मौजूद रहे। (संवाद)

दिनाँक 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक चलने वाले स्वच्छ्ता अभियान स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छ्ता के अंतर्गत आज **दिनाँक-25-09-2024** को महिला महाविद्यालय बहराइच में प्राचार्या प्रोफेसर प्रिया मुखर्जी के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक के तत्वाधान एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 अमृता मिश्रा के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा चयनित ग्राम सिसई हैदर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। छात्राओं ने स्वच्छता संबंधी नारे लगाते हुए जागरूकता रैली निकाली तथा ग्रामवासियों को स्वच्छता रखने हेतु प्रेरित किया। छात्राओं ने गांव में झाड़ू लगाई तथा चूने का छिड़काव किया एवं ग्रामवासियों से खुद को एवं अपने आस पास सफाई

रखने की अपील की इसके अतिरिक्त छात्राओं ने प्राथमिक विद्यालय सिसई हैदर के छात्र-छात्राओं को भी स्वच्छता की आदतें अपनाने की अपील की एवं हाथ धोने का तरीका भी समझाया।कार्यक्रम में डॉ0 आकांक्षा पटेल, डॉ0 मनीषा गुप्ता, श्रीमती तनवीर फातिमा, श्री इरफान अली एवं अयोध्या प्रसाद मिश्रा आदि लोग उपस्थित रहे।



## छात्राओं ने बच्चों को पढ़ाया स्वच्छता का पाठ

**बहराइच।** महिला पीजी कॉलेज की एनएसएस की छात्राओं ने कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अमृता मिश्रा के नेतृत्व में बुधवार को ग्राम पंचायत सिसई हैदर में स्वच्छता अभियान चलाया। इस अवसर पर रैली निकालकर ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। गांव की साफ-सफाई कर चेनू का छिड़काव किया। इसके बाद ग्रामीणों को आस-पास साफ-सफाई रहने के लिए प्रेरित किया। इसके बाद प्राथमिक विद्यालय सिसई हैदर पहुंचकर छात्र-छात्राओं को स्वच्छता का पाठ पढ़ाते हुए हाथ धोने का तरीका भी सिखाया। इस अवसर पर डॉ.आकांक्षा पटेल, डॉ. मनीषा गुप्ता, तनवीर फातिमा, इरफान अली आदि मौजूद रहे। (संवाद)

दिनाँक 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक चलने वाले स्वछता अभियान स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता के अंतर्गत आज **दिनाँक-26-09-2024** को महिला महाविद्यालय बहराइच में प्राचार्या प्रोफेसर (डॉ0) प्रिया मुखर्जी के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक के तत्वाधान एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 अमृता मिश्रा संयोजन में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा स्वच्छ्ता अभियान चलाया गया। आज परिसर को स्वच्छ करने के पश्चात पर्यावरण को सुरक्षित रखने के संकल्प को लेते हुए पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 अमृता मिश्रा ने छात्राओं को पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने एवं उसे सुरक्षित रखने का संकल्प दिलवाया। कार्यक्रम में डॉ0 ज्योति त्रिपाठी, डॉ0 सायरा खातून, डॉ0 प्रीति यादव आदि प्रवक्तागण उपस्थित रहे।

दिनाँक 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक चलने वाले स्वच्छता अभियान 'स्वभाव, स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता' के अन्तर्गत प्राचार्या प्रो0 (डॉ0) प्रिया मुखर्जी के कुशल निर्देशन में **दिनांक-27-09-2024** को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक के तत्त्ववधान एवं कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 अमृता मिश्रा के नेतृत्व में स्वच्छ्ता ही सेवा अभियान के अंतर्गत 'आत्मनिर्भर भारत' तथा स्वच्छ भारत सुंदर भारत विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उक्त प्रतियोगिता में छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ

प्रतिभाग किया। जिसमें प्रतिमा पांडेय ने प्रथम, तन्नु सिंह व तबस्सुम द्वितीय तथा सुम्बुल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर समस्त सम्मानित प्रवक्तागण उपस्थित रहे।

दिनाँक 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक चलने वाले स्वच्छता अभियान 'स्वभाव, स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता' के अन्तर्गत प्राचार्या प्रो0 (डॉ0) प्रिया मुखर्जी के कुशल निर्देशन में **दिनांक–28–09–2024** को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक के तत्त्वावधान एवं कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 अमृता मिश्रा के नेतृत्व में स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत घर-घर स्वच्छता जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं ने घर-घर जाकर लोगों को स्वच्छता का महत्व बताते हुए उन्हे अपने आस-पास स्वच्छता रखने हेतु जागरूक किया।

दिनाँक 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक चलने वाले स्वच्छता अभियान 'स्वभाव, स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता' के अन्तर्गत प्राचार्या प्रो0 (डॉ0) प्रिया मुखर्जी के कुशल निर्देशन, राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक के तत्वावधान एवं कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 अमृता मिश्रा के नेतृत्व में स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत आज **दिनाँक–30–09–2024** को परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। छात्राओं ने सर्वप्रथम झाड़ू लगाई तत्पश्चात छात्राओं ने कक्षों को व्यवस्थित किया तथा मेज कुर्सी पर लगी धूल को साफ किया। इसके बाद महाविद्यालय में मानव श्रृंखला बनाकर छात्राओं ने स्वच्छता संबंधी नारे लगाए व सभी को स्वच्छता का संदेश दिया। इस अवसर पर समस्त सम्मानित प्रवक्तागण उपस्थित रहे।



स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता के तहत महिला कालेज में चलाया स्वच्छता अभियान

सजेशन न्यूज राहुल उपाध्याय

बहराइच। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक चलने वाले स्वच्छता अभियान हा स्वभाव, स्वच्छता, संस्कार स्वच्छताह्व के अन्तर्गत प्राचार्य प्रो. प्रिया मुखर्जी के कुशल निर्देशन, राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक के तत्वावधान एवं कार्यक्रमाधिकारी डॉ. अमृता मिश्रा के नेतृत्व में स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत सोमवार को परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। छात्राओं ने सर्वप्रथम झाडू लगाई तत्पश्चात छात्राओं ने कक्षों को व्यवस्थित किया तथा मेज कुर्सी पर लगी धूल को साफ किया। इसके बाद महाविद्यालय में मानव श्रृंखला बनाकर छात्राओं ने स्वच्छता संबंधी नारे लगाए व सभी को स्वच्छता का संदेश दिया। इस अवसर पर कालेज के अनेक असिस्टेंट प्रोफेसर प्रवक्तागण उपस्थित रहे।

# मानव शृंखला बनाकर दिया स्वच्छता का संदेश



महिला महाविद्यालय में मानव शृंखला बनाकर स्वच्छता का संदेश देती छात्राएं • जागरण

जासं • बहराइच : स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत महिला पीजी कालेज में मानव शृंखला बनाकर स्वच्छता का संदेश दिया। परिसर में छात्राओं ने साफ-सफाई की। प्राचार्य प्रो. प्रिया मुखर्जी ने बताया कि कार्यक्रमाधिकारी डा. अमृता मिश्र के नेतृत्व में कार्यक्रम कराया गया। यह कार्यक्रम आगामी दो अक्टूबर तक चलेगा। सोमवार को छात्राओं ने परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया। छात्राओं ने सबसे पहले झाड़ू लगाई। उसके बाद छात्राओं ने कक्षाओं को व्यवस्थित किया। मेज कुर्सी पर लगी धूल को साफ किया। इसके बाद महाविद्यालय में मानव शृंखला बनाकर छात्राओं ने स्वच्छता संबंधी नारे लगाए व सभी को स्वच्छता का संदेश दिया।

**अक्टूबर माह में राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राओं द्वारा किये गये कार्यों का विवरण–**

दिनाँक 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक चलने वाले स्वच्छता अभियान स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता के अंतर्गत आज **दिनाँक–01–10–2024** को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक के तत्वाधान में सिंगल यूज प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन विषय पर व्याख्यान का आयोजन प्राचार्या प्रोफेसर प्रिया मुखर्जी के संरक्षण में किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में महाविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ0 संजय पाल सिंह ने स्वयं सेविकाओं एवं अन्य छात्र–छात्राओं को बताया की ठोस अपशिष्ट को बायोडिग्रेडेबल नॉन–बायोडिग्रेडेबल श्रेणी में अलग–अलग छांट कर रखें तथा उचित प्रकार से निस्तारण करें। आपने अपने वक्तव्य में बताया कि प्लास्टिक कचरा वातावरण एवं मानव जीवन के लिए अत्यंत घातक है आज के समय में कैंसर जैसी घातक बीमारियों के शिकार आधिकाधिक लोग हो रहे हैं। इसका सबसे प्रमुख कारण सिंगल यूज प्लास्टिक है। कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 अमृता मिश्रा ने धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम में डॉ0 मनीषा खन्ना, डॉ0 रीमा शुक्ला आदि प्रवक्तागण भी उपस्थित रहे।



## अपशिष्ट प्रबंधन पर हुई भाषण प्रतियोगिता

**बहराइच।** महिला पीजी कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से में मंगलवार को सिंगल यूज प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन विषय पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। मुख्य वक्ता समाजशास्त्र विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. संजय पाल सिंह ने बताया कि ठोस अपशिष्ट को बॉयोडिग्रेडेबल, नान बॉयोडिग्रेडेबल श्रेणी में अलग-अलग छांट कर रखें। कहा कि प्लास्टिक कचरा वातावरण व मानव जीवन के लिए बेहद घातक है। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ.अमृता मिश्रा, डॉ.मनीषा खन्ना, डॉ.रीमा शुक्ला आदि मौजूद रहे। (संवाद)



## प्लास्टिक कचरा पर्यावरण और मानव जीवन के लिए खतरा : डॉ . सिंह

विश्ववार्ता संवाददाता

» महिला पीजी कॉलेज मे सिंगल यूज प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन पर व्याख्यान माला का आयोजन

**बहराइच।** 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक चलने वाले स्वच्छता अभियान" स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता" के अंतर्गत मंगलवार को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक के तत्वाधान में सिंगल यूज प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन विषय पर व्याख्यान का आयोजन प्राचार्या प्रोफेसर प्रिया मुखर्जी के संरक्षण में किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में महाविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ संजय पाल सिंह ने स्वयं सेविकाओं एवं अन्य छात्र-छात्राओं को बताया की ठोस अपशिष्ट को बायोडिग्रेडेबल /नान- बायोडिग्रेडेबल श्रेणी में अलग-अलग छांट कर रखें तथा उचित प्रकार से निस्तारण करें। डॉ. सिंह ने वक्तव्य में बताया कि प्लास्टिक कचरा वातावरण एवं मानव जीवन के लिए अत्यंत घातक है। आज के समय में कैंसर जैसी घातक बीमारियों के शिकार अधिकाधिक लोग हो रहे है।

**दिनांक–02–10–2024** को महिला महाविद्यालय बहराइच में प्राचार्या प्रो0 (डॉ0) प्रिया मुखर्जी के निर्देशन में गाँधी जयंती एवं शास्त्री जयंती का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्रबंधक श्यामकरण टेकड़ीवाल व प्रो0 (डॉ0) प्रिया मुखर्जी द्वारा ध्वजारोहण तथा गाँधी

जी और शास्त्री जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 अमृता मिश्रा के निर्देशन में छात्राओं ने 'रघुपति राघव राजा राम...' भजन की मनमोहक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के दौरान दिनांक-17-09-2024 से दिनांक-02-10-2024 तक राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा चलाए जा रहे 'स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024' का समापन किया गया। इस दौरान छात्राओं और प्रवक्तागणों ने परिसर में स्वच्छ्ता अभियान चलाया एवं सभी ने स्वच्छता की शपथ भी ली। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्या ने कहा कि गांधी जी की प्रासंगिकता हर युग में बनी रहेगी। गांधी जी स्वच्छता पर बल देते हुए जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में स्वच्छता की बात करते थे। यह गांधी और गांधीवाद एक ऐसी प्रेरणात्मक शक्ति है जिसे जी कर ही समझा जा सकता है। इस अवसर पर डॉ0 दया कुमारी, डॉ0 श्याम कुमार चौधरी, डॉ0 रामदेव चातक ने भी अपने विचार रखे। प्रवक्ता डॉ0 दया कुमारी ने अपने विचार रखते हुए कहा कि हमें शास्त्री जी के सादगीपूर्ण जीवन से प्रेरणा लेने की जरूरत है। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 सिद्धेश्वर उपाध्याय ने किया। कार्यक्रम के दौरान समस्त शिक्षकगण एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारीगण उपस्थित रहे।



महिला पीजी कॉलेज में मनाई गई गांधी व शास्त्री जयंती

एनएसएस की स्वयंसेवी छात्राओं ने चलाया स्वच्छता अभियान

अभिनेत्री मीनाक्षी शेषाद्रि के हाथों सम्मानित हुई बहराइच की मेकअप आर्टिस्ट दीपशिखा


गांधी व शास्त्री के आदर्शों को आत्मसात करना ही सच्ची श्रद्धांजलि

**दिनांक-03-10-2024** को महिला महाविद्यालय बहराइच में प्राचार्या प्रो.(डॉ0) प्रिया मुखर्जी के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना, रोड सेफ्टी क्लब एवं रेंजर्स रोवर्स के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालय में छात्राओं द्वारा सड़क सुरक्षा पखवाड़ा दिनांक-02-10-2024 से दिनांक-26-10-2024 तक तिथिवार निर्धारित कार्यक्रम के तहत आज छात्राओं को शपथ दिलवाई गई।

एन0एस0एस0 कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 अमृता मिश्रा द्वारा कहा गया कि हमें दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट जरूर पहनना चाहिए, इससे हमारी रक्षा होती है और वाहन चलाते समय मोबाइल पर बात नहीं करनी चाहिए उन्होंने कहा कि एक्सीडेंट के तीन आधार नींद, नशा और तेज रफ्तार। इसी क्रम में रेंजर्स प्रभारी डॉ0 रीमा शुक्ला ने कहा कि अधिकांश एक्सीडेंट 15 से 30 उम्र के व्यक्ति करते हैं क्योंकि उनके मन में फेंटेसी होती है और धैर्य नहीं होता है इसलिए धैर्य से गाड़ी चलाएं,और लाइसेंस बनवाने के बाद ही गाड़ी चलाएं। सड़क सुरक्षा प्रभारी आकांक्षा पटेल कहा कि हमें यातायात नियमों का पालन करना चाहिए,अनहोनी तभी होती है जब हम नियमों का पालन नहीं करते हैं इसलिए नियमों का पालन करें। कार्यक्रम में प्रवक्ताओं के साथ -साथ छात्राएं भी सम्मिलित थी।

**दिनांक-04-10-2024** को महिला महाविद्यालय बहराइच में प्राचार्या प्रो. (डॉ0) प्रिया मुखर्जी के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना, रोड सेफ्टी क्लब एवं रेंजर्स रोवर्स के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालय में छात्राओं द्वारा सड़क सुरक्षा पखवाड़ा दिनांक- 02-10-2024 दिनांक- 16-10-2024 तक तिथिवार निर्धारित कार्यक्रम के तहत आज छात्राओं और अभिभावको को जागरूक करते हुए। एन0 एस0 एस0 कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 अमृता मिश्रा ने वर्तमान समय में सड़क पर दौड़ती भागती तथा तेज रफ्तार से चलती जिन्दगी को सुरक्षित करने के लिए सभी को यातायात नियमों का अनिवार्य रूप से पालन करने की आवश्यकता पर बल दिया। रेंजर्स प्रभारी डॉ0 रीमा शुक्ला ने छात्राओं को प्रेरित करते हुए बताया कि सुरक्षित यातायात एवं सड़क दुर्घटनाओं से बचने के लिए

दोपहिया वाहन चालक हेलमेट का प्रयोग, चार पहिया वाहन चालक सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें। सभी वाहन चालक निर्धारित गति सीमा से वाहन चलायें एवं चलते समय सजग व सतर्क रहकर यातायात सुरक्षा संकेतों का पालन करें और अपने वाहनों की नियमित जांच भी करायें। नशे की हालत में वाहन न चलायें, सड़क पर चलते हुए या वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग कदापि न करें। गलत दिशा में वाहन न चलायें, वाहनों पर ओवर लोडिंग एवं यातायात सुरक्षा संकेतों की अनदेखी न करें। साथ ही एक जिम्मेदार नागरिक होने के नाते एम्बुलेन्स, फायर ब्रिगेड व आपातकालीन सेवा गाड़ियों को सड़क पर प्राथमिकता दें। सड़क दुर्घटना होने पर पीड़िक व्यक्ति को प्राथमिक उपचार देकर नजदीकी चिकित्सलय तक पहुंचायें जनहित में यह पुनीत कार्य है। रोड सेफ्टी क्लब प्रभारी आकांक्षा पटेल ने  छात्राओं को सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियानों की जानकारी देकर आग्रह किया कि वे यातायात नियमों का पालन करें और जागरूकता अभियानों में सहभागी बनें। कार्यक्रम के अन्त में निबन्ध एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें प्रतीक्षा मिश्रा , राधिका मौर्या, स्वाती मौर्या, रचना श्रीवास्तव, मोहिनी, मुस्कान पाण्डेय आदि छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के शिक्षक डॉ0 प्रियंका श्रीवास्तव, डॉ0 सायरा खातून एवं बड़ी संख्या में छात्रायें उपस्थित रहे।



**दिनांक-05-10-2024** को महिला महाविद्यालय बहराइच में प्राचार्या प्रो.(डॉ0) प्रिया मुखर्जी की अध्यक्षता में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में 'एच0आई0वी0एड्स जागरूकता' विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ  प्राचार्या व उपजिला क्षयरोग अधिकारी द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित करके किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान पोस्टर मेकिंग, स्लोगन राइटिंग और रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान एनएसएस की छात्राएं भी मौजूद रहीं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपजिला क्षयरोग रोग अधिकारी ने अपने संबोधन में एड्स के कारण, निवारण और रोकथाम पर विस्तृत रूप से चर्चा की।प्राचार्या महोदया ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमें एचआईवी एडस से भयभीत होने की जरूरत नहीं है बल्कि इसका डटकर मुकाबला करने की आवश्यकता है।यह चिंता का विषय है कि एचआईवी संक्रमित लोगों में सर्वाधिक संख्या युवा वर्ग की है। कार्यक्रम के दौरान समस्त सम्मानित प्रवक्तागण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 सरिता यादव ने तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ0 मनीषा खन्ना ने किया।

## चार बातों से रूबरू हुई महिला महाविद्यालय की छात्राएं



बहराइच/सुल्तानपुर/मैनपुरी/फिरोजाबाद **अवधनामा**

## एचआईवी एड्स विषय पर आयोजित हुआ जागरूकता शिविर



के संचालन की जिम्मेदारी जल निगम को सौंपने से बेहतर परिणाम हासिल होगा। बैठक के दौरान श्यामा प्रसाद मुखर्जी रूर्बन मिशन, स्वच्छ भारत मिशन, पीएम आवास योजना शहरी, पशुपालन, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, राजस्व सहित अन्य विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान अध्यक्ष ने गिरिजापुरी बैराज की ड्रेजिंग तथा मिहींपुरवा क्षेत्र में कटान रोधी कार्य का प्रस्ताव तैयार करने का सुझाव देते हुए कहा कि जनप्रतिनिधियों द्वारा जो महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए है उसका पालन करते हुए जिले के विकास को गति प्रदान की जाय। सीएम मोनिका रानी द्वारा आभार व्यक्त करते हुए आश्वस्त किया गया कि सदन में प्राप्त हुए निर्देशों तथा सुझावों का अनुपालन कराया जाएगा। इससे पूर्व बैठक में मौजूद जनप्रतिनिधियों को पुष्पगुच्छ भेंट किया गया। बैठक का संचालन मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चंद्र द्वारा किया गया।

# महिला पीजी कॉलेज में आयोजित हुआ एड्स जागरूकता कार्यक्रम

### स्लोगन, पोस्टर तथा रंगोली प्रतियोगिताओं में छात्राओं ने किया प्रतिभाग

अजय त्रिपाठी

विश्व फलक,बहराइच। शहर के महिला पीजी कॉलेज में प्राचार्या प्रो. प्रिया मुखर्जी की अध्यक्षता में 'एचआईवी एड्स जागरूकता' विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या व उपजिला क्षयरोग अधिकारी द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित करके किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान पोस्टर मेकिंग, स्लोगन राइटिंग और रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में छात्राओं ने बढ़– चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान एनएसएस की छात्राएं भी मौजूद रहीं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपजिला क्षयरोग रोग अधिकारी ने अपने संबोधन में एड्स के कारण, निवारण और रोकथाम पर विस्तृत रूप से चर्चा की।



प्राचार्या प्रो. मुखर्जी ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमें एचआईवी एड्स से भयभीत होने की जरूरत नहीं है बल्कि इसका डटकर मुकाबला करने की आवश्यकता है। यह चिंता का विषय है कि एचआईवी संक्रमित लोगों में सर्वाधिक संख्या युवा वर्ग की है। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सरिता यादव ने तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ. मनीषा खन्ना ने किया। इस दौरान सभी प्रवक्ता उपस्थित रहे।

# भए प्रकट पाला दीन दयाला, कौशिल्या हितकारी ...से गूंजा रामलीला मैदान

### श्रीराम के जन्म से अयोध्या में छाई खुशियां

सचिन श्रीवास्तव

विश्व फलक, बहराइच।भये प्रकट कृपाला दीन दयाला, कौशिल्या हितकारी।हरषित महतारी, मुनि मन हारी,अद्भुत रूप निहारी के प्रसंग के बीच श्री राम के जन्म होते ही अयोध्या में खुशियां छा गई।नृत्यऔर हर्षोल्लास

**<u>नवम्बर माह में राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राओं द्वारा किये गये कार्यों का विवरण–</u>**

**दिनांक–17–11–2024** को महिला महाविद्यालय बहराइच के प्रांगण में, महाराजा सुहेलदेव मेडिकल कालेज बहराइच के कम्युनिटी मेडिसिन विभाग के सौजन्य से महिला महाविद्यालय बहराइच की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं बालिका हेल्थ क्लब के संयुक्त तत्वाधान में सर्वाइकल कैंसर के प्रति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्चलन के साथ हुआ। इस अवसर पर असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ0 गीता सिंह ने बताया कि यह मानवों में होने वाला चौथा सबसे बड़ा कैंसर है। सर्वाइकल कैंसर के कारणों पर विस्तारपूर्वक बताते हुए इसके मुख्य कारणों में ह्यूमन पैपिलोमा वायरस को जिम्मेदार ठहराया जो कि 90 मामलों में इस कैंसर के लिए जिम्मेदार होता है। इसके पश्चात डॉ0 समरीन ने सर्वाइकल कैंसर के लक्षणों पर चर्चा करते हुए बताया कि महिलाओं में ब्रेस्ट कैंसर के बाद यह दूसरा सबसे अधिक होने वाला कैंसर है। बचाव के उपायों के बारे में बताते हुए इन्होंने बताया कि इस कैंसर की रोकथाम के वैक्सीन उपलब्ध है परंतु यह वैक्सीन 9 से 14 आयु वर्ग की बच्चियों में अधिक कारगर है। 35 या अधिक आयु वर्ग की सभी महिलाओं को नियमित तौर पर सर्वाइकल कैंसर की जांच कराते रहना चाहिए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्या प्रो. प्रिया मुखर्जी ने कहा कि किसी भी बीमारी के प्रति जागरूकता और बचाव के उपायों की जानकारी हमें स्वस्थ जीवन की ओर ले जाने के लिए अतिआवश्यक है। इस अवसर पर एन0एस0एस0 की छात्राओं ने कार्यक्रमधिकारी डॉ0 अमृता मिश्रा के निर्देशन में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का संचालन बालिका हेल्थ क्लब की प्रभारी डॉ0 अंकिता सिंह ने किया। इस अवसर पर हेल्थ क्लब के सदस्य डॉ0 मनीषा खन्ना, डॉ0 गरिमा राय, डॉ0 मधुबाला, डॉ0 रूही तथा अन्य प्रवक्तागण उपस्थित रहे। धन्यवाद ज्ञापन डॉ0 मनीषा खन्ना ने किया।



**सर्वाइकल कैंसर उन्मूलन दिवस पर आयोजित हुई कार्यशाला**

बहराइच। सर्वाइकल कैंसर उन्मूलन दिवस पर सोमवार को महिला पीजी कॉलेज में एक दिवसीय जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें छात्राओं को गर्भाशय कैंसर के प्रति जागरूकता किया गया। कार्यशाला में मेडिकल कॉलेज के सामुदायिक चिकित्सा विभाग की डॉ. गीता सिंह व डॉ. समरीन काजमी ने गर्भाशय ग्रीवा कैंसर के कारण, लक्षण और रोकथाम की जानकारी दी। इस दौरान प्राचार्य डॉ. संजय खत्री, मीडिया प्रभारी डॉ. अरविंद शुक्ला आदि मौजूद रहे। (संवाद)

**दिनांक–26–11–2024** को महिला महाविद्यालय बहराइच में प्राचार्या प्रो0(डॉ0) प्रिया मुखर्जी के निर्देशन मे जिला युवा कल्याण मंत्रालय एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में 'संविधान दिवस' के उपलक्ष्य में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रो. प्रिया मुखर्जी और जिला युवा कल्याण अधिकारी प्रांची पवार द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर और डॉ0 भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर संविधान दिवस पर आयोजित निबंध, भाषण आदि विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय पुरस्कार प्राप्त छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। निबंध में शाहिना खान, भाषण में सुम्बुल शाकिर और काव्य में प्रतिमा पांडेय अव्वल रहीं। इस अवसर पर जनहित फाउंडेशन के अध्यक्ष उमेशचंद्र मिश्रा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारत की एकता, अखंडता और सौहार्द की भावना न केवल भारत के लिए अपितु समस्त विश्व के लिए अनुकरणीय है। इसके साथ ही उन्होंने संविधान के महत्त्व पर विस्तृत चर्चा की। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्राचार्या प्रो0 (डॉ0) प्रिया मुखर्जी ने अपने संबोधन में कहा कि यह दिन संविधान को याद करने, उसमें लिखित मूल्यों न्याय, समानता और भाईचारे में अपनी आस्था को बनाए रखने तथा अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रोत्साहित करता है। ऐसे में यह आवश्यक हो जाता है कि हम न केवल अपने अधिकारों की बात करें बल्कि अपने कर्तव्यों के प्रति भी सचेत रहें। इस अवसर पर डॉ0 मनीषा खन्ना, डॉ0 रीता शुक्ला, डॉ0 रीमा शुक्ला, डॉ0 दया कुमारी, डॉ0 सरिता यादव, कु0 रूही, डॉ0 सिद्धेश्वर उपाध्याय समेत समस्त सम्मानित प्रवक्तागण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन कु0 मनीषा गुप्ता द्वारा किया गया।

सरस्वती, मथुरा के प्रमुख ने कहा कि भगवान के भजन से ही कष्ट कलेश जाएंगे। नामरूपी अमृत पीने पर लोग दुनिया को भूल जाते हैं। कहा कि यही नाम का नशा शंकर जी पर चढ़ा था, अज्ञानता में हमने शंकर जी को बदनाम कर दिया कि वह गांजा–भांग पीते थे वह कभी कोई नशा नहीं किए। हम अपने को कट्टर सनातनी कहते हैं तो हमको हिंसा से दूर रहना चाहिए। राम कृष्ण को मानते हो तो उनके आदर्शों पर भी चलना सीखो। राम ने कभी नहीं कहा कि तुम मांस खाओ, कृष्ण ने कभी नहीं कहा कि शराब पियो। हमने अपने मन से बना लिया। महापुरुषों को बदनाम कर दिया। चरित्र का उत्थान करो, सबसे प्रेम करो, सबको अपने जैसा समझो। निःस्वार्थ भाव से सेवा करो। मानव–सेवा से प्रभु प्रसन्न होते हैं। उन्होंने 8 से 12 दिसंबर तक मथुरा के वार्षिक भंडारे में भाग लेने का निमंत्रण दिया। इस अवसर पर रमाकांत चौहान, बरातीलाल, भू स्वामी डा. मुन्ना लाल, हेमंत वर्मा, सुजीत कुमार वर्मा, रामराज, विनय, सतीश यादव, सहयोगी संगत पूर्वी लखीमपुर खीरी के नरेंद्र कुमार सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## संविधान दिवस पर महिला पीजी कॉलेज में आयोजित की गई प्रतियोगिताएं

अजय त्रिपाठी

विश्व फलक,बहराइच। महिला पीजी कॉलेज में प्राचार्या प्रो.डॉ. प्रिया मुखर्जी के निर्देशन एवं जिला युवा कल्याण मंत्रालय के संयुक्त तत्वावधान में 'संविधान




दिवस' के उपलक्ष्य में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रो. प्रिया मुखर्जी और जिला युवा कल्याण अधिकारी प्राची पवार द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर और डॉ.आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर संविधान दिवस पर आयोजित निबंध, भाषण आदि विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय पुरस्कार प्राप्त छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। निबंध में शाहिना खान, भाषण में संबुल, शाकिर और काव्य में प्रतिमा पांडेय

विश्व फल

NATIONAL SERVICE SCHEME

## दिसम्बर माह में राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राओं द्वारा किये गये कार्यों का विवरण–

दिनांक–01–12–2024 को अंतराष्ट्रीय एड्स दिवस पर महिला महाविद्यालय,बहराइच में राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राओं हेतु एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संगोष्ठी,पोस्टर प्रतियोगिता,रंगोली प्रतियोगिता एवं प्रश्नोत्तरी आदि का आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। इसके पश्चात छात्राओं को एड्स के प्रति जागरूक करने हेतु एक डॉक्यूमेंट्री का भी प्रदर्शन किया गया। एड्स के बारे में ग्रामीणों को जागरूक करने के लिए छात्राओं द्वारा सिसई हैदर गाँव में जन–जागरूकता रैली भी निकाली गई। संगोष्ठी में डॉ0 प्रीति यादव ने छात्राओं के मध्य एड्स विषय से संबंधित जानकारी साझा की। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त सम्मानित प्रवक्तागण भी उपस्थित रहे।


अंतरराष्ट्रीय एड्स दिवस पर महिला पीजी कॉलेज की एनएसएस छात्राओं ने आयोजित किया शिविर

संगोष्ठी,पोस्टर,रंगोली प्रतियोगिता एवं प्रश्नोत्तरी का भी हुआ आयोजन


हिन्दी दैनिक बहराइच, सोमवार 02 दि

**अंतरराष्ट्रीय एड्स दिवस पर महिला पीजी कॉलेज की एनएसएस छात्राओं ने आयोजित किया शिविर**

जन एक्सप्रेस । बहराइच। अंतर्राष्ट्रीय एड्स दिवस पर महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राओं के लिए एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संगोष्ठी, पोस्टर प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता एवं प्रश्नोतरी आदि का आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया।इसके पश्चात छात्राओं को एड्स के प्रति जागरूक करने हेतु एक डॉक्यूमेंट्री का भी प्रदर्शन किया गया। एड्स के बारे में ग्रामीणों को जागरूक करने के लिए छात्राओं द्वारा सिसई हैदर गाँव में जन–जागरूकता रैली भी निकाली गई।संगोष्ठी में डॉ प्रीति यादव ने छात्राओं के मध्य एड्स विषय से संबंधित जानकारी साझा की। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त सम्मानित प्रवक्तागण भी उपस्थित रहे।

**सूना घर पाकर चोरों ने लाखों की नगदी व जेवरात पर किया हाथ साफ**


अंतरराष्ट्रीय एड्स दिवस पर छात्राओं ने निकाली रैली

दिनांक–10–12–2024 को महिला महाविद्यालय, बहराइच की राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई एक द्वारा कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 अमृता मिश्रा के निर्देशन में अन्तर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के अवसर पर छात्राओं को मानवाधिकार के प्रति जागरूक करने हेतु व्याख्यान वाद-विवाद एवं प्रश्नोत्तरी का आयोजन तथा पोस्टर प्रतियोगिता के माध्यम से भी छात्राओं को जागरूक किया गया। व्याख्यान में प्रमुख वक्ता इतिहास विभाग की डॉ0 अंकिता सिंह ने छात्राओं को मानवाधिकार के अन्तर्गत आने वाले स्वास्थ्य, आर्थिक सामाजिक और शैक्षिक अधिकारों के बारे में विस्तार से बताकर जागरूक किया ताकि नस्ल, जाति, राष्ट्रीयता, धर्म, लिंग आदि के आधार पर उन्हें कोई प्रताड़ित न कर सके। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या प्रोफेसर प्रिया मुखर्जी  ने की। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्रवक्तागण उपस्थित रहे।

**<u>जनवरी माह में राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राओं द्वारा किये गये कार्यों का विवरण-</u>**

**दिनांक-12-01-2025** को महिला महाविद्यालय, बहराइच में प्राचार्या प्रोफेसर प्रिया मुखर्जी के निर्देशानुसार राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक की कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 अमृता मिश्रा के निर्देशन में राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर स्वामी विवेकानन्द के विचारों की वर्तमान समय में प्रासंगिकता विषय पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती माता की प्रतिमा पर माल्यार्पण द्वारा किया गया। इस अवसर पर स्वामी विवेकानंद के जीवन से संबंधित एक डॉक्यूमेंट्री का भी प्रदर्शन किया गया। तत्पश्चात खेलकूद प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें बैडमिंटन, खो-खो, रेस, कैरम प्रतियोगिता में छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर प्रतिभाग किया।स्थान प्राप्त छात्राओं को पुरस्कृत भी किया गया।कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 अमृता मिश्रा खेल समिति के सदस्य समेत अन्य प्रवक्तागण भी उपस्थित रहे।

**दिनांक-14-01-2025** को महिला महाविद्यालय बहराइच में प्राचार्या प्रो डॉ0 प्रिया मुखर्जी के निर्देशानुसार एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक के तत्वाधान में युवा सप्ताह के अन्तर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 अमृता मिश्रा के निर्देशन में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर प्रतिभाग किया एवं स्वामी विवेकानंद के जीवन एवं विचारों पर अपने विचार प्रस्तुत किये। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्रवक्तागण उपस्थित रहे।

**दिनाँक-20-01-2025** को महिला महाविद्यालय बहराइच में सड़क सुरक्षा अभियान के तहत राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 अमृता मिश्रा के निर्देशन में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। उन्होंने छात्राओं को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें यातायात संबंधी नियमो के बारे में जानकारी दी। इस दौरान छात्राओं को सड़क सुरक्षा के लिए यातायात नियमों के पालन की शपथ भी दिलाई गई।गोष्ठी में असिस्टेंट प्रोफेसर श्रीमती ज्योति त्रिपाठी तथा डॉ0 रीमा शुक्ला ने भी अपने अपने विचार प्रस्तुत किये। इस अवसर पर कु रूही, कु0 आकांक्षा पटेल, डॉ0 एस0एन0 उपाध्याय तथा छात्राएं उपस्थित रहीं।

अधिकारी मौजूद रहे।

## महिला पीजी कॉलेज में सड़क सुरक्षा अभियान के तहत आयोजित की गई संगोष्ठी



जन एक्सप्रेस । बहराइच

शहर के महिला पीजी कॉलेज में सोमवार को सड़क सुरक्षा अभियान के अन्तर्गत एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अमूला मिश्रा ने की। उन्होंने छात्राओं को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें यातायात सम्बन्धी नियमों के बारे में जानकारी दी। इस दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राओं को सड़क सुरक्षा यातायात नियमों के पालन की शपथ दिलायी गयी। गोष्ठी में असिस्टेंट प्रोफेसर ज्योति त्रिपाठी तथा डॉ. रीमा शुक्ला ने भी अपने-अपने विचार प्रस्तुत किये। इस अवसर पर कु. काशी, डॉ. सिद्धेश्वर नारायण उपाध्याय, कु. आकांक्षा पटेल व छात्राएं उपस्थित रहीं।

## कोर्ट के अध्यक्ष


## डीजे ने बढ़ाई बैंडबाजे वालों की परेशानी


## सम्मानित किए गए केडीसी प्रबंध समिति के सचिव




### सड़क सुरक्षा के प्रति किया जागरूक







# सड़क सुरक्षा अभियान : महिला पीजी कॉलेज में आयोजित हुई गोष्ठी



# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना : गूंजे मंत्र और कुरान की आयतें, 477 जोड़े एक-दूजे के हुए



# छात्राओं को सड़क सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

**बहराइच।** जिले में चलाए जा रहे सड़क सुरक्षा अभियान के तहत शहर के महिला पीजी कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत सोमवार को एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अमृता मिश्रा ने छात्राओं को सड़क सुरक्षा और यातायात के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों का पालन करके हम स्वयं को सुरक्षित रखते हुए अन्य लोगों को भी सुरक्षित कर सकते हैं। डॉ. अमृता ने छात्राओं को यातायात के नियम भी बताए। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को यातायात नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई गई। इस संगोष्ठी में असिस्टेंट प्रोफेसर ज्योति त्रिपाठी, डॉ. रीमा शुक्ला ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में असिस्टेंट प्रोफेसर रूही, डॉ. सिद्धेश्वर नारायण उपाध्याय तथा आकांक्षा पटेल समेत अनेक छात्राएं उपस्थित रहीं। (संवाद)

**दिनाँक–21–01–2025** को महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बहराइच में प्राचार्या प्रो.(डॉ0) प्रिया मुखर्जी के निर्देशानुसार राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 अमृता मिश्रा के निर्देशन में 'सड़क सुरक्षा सप्ताह' के अंतर्गत महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा एक यातायात जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं ने सड़क से गुजरने वाले राहगीरों को यातायात नियमों की जानकारी दी उन्होंने दुपहिया वाहन चालकों को हेलमेट लगाने व चार पहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट लगाने के लिए प्रेरित किया तथा समझाया कि यातायात के नियमों का पालन करना हमारा कर्तव्य है और इससे हमारी सुरक्षा भी सुनिश्चित होती है। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त सम्मानित प्रवक्तागण उपस्थित रहे।



लखनऊ
बुधवार
22 जनवरी 2025
03

शहर 30s

यातायात जागरूकता रैली निकालती महिला विद्यालय की छात्राएं।

## यातायात जागरूकता रैली निकाली

बहराइच। महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मंगलवार को प्राचार्या प्रो. डॉ. प्रिया मुखर्जी के नेतृत्व में मंगलवार को यातायात जागरूकता रैली निकाली गई। राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अमृता मिश्रा के निर्देशन में सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत महाविद्यालय की छात्राओं ने सड़क से गुजरने वाले राहगीरों को यातायात नियमों की जानकारी दी।



## छात्राओं ने रैली निकाल यातायात नियमों की दी जानकारी

बहराइच। महिला महाविद्यालय की छात्राओं की ओर से मंगलवार को सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत यातायात जागरूकता रैली निकाली गई। इस दौरान छात्राओं ने लोगों को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए हेलमेट व सीट बेल्ट लगाने के प्रति जागरूक किया। महिला महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रमाधिकारी डॉ. अमृता मिश्रा ने बताया कि छात्राओं के दल के साथ जागरूकता रैली निकाली गई। इसके तहत छात्राओं ने महाविद्यालय के पास से गुजर रहे बाइक व चार पहिया वाहन चालकों को यातायात नियमों के पालन से होने वाले फायदे बताए। इस दौरान प्रियंका श्रीवास्तव समेत अन्य शिक्षिकाएं मौजूद रहीं। (संवाद)

महिला पीजी कॉलेज की ओर से निकाली गई सड़क सुरक्षा सप्ताह रैली। -संवाद

**दिनांक–23–01–2025** महिला महाविद्यालय बहराइच द्वारा नेता जी सुभाष चन्द्र बोस की जयन्ती पर सड़क सुरक्षा के प्रति जन जागरूकता लाने हेतु इन्दिरा स्टेडियम में मानव श्रृंखला एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी महोदया ने सभी को ड्राइविंग के नियमों का पालन करने, तेज रफ्तार व गलत दिशा में वाहन नही चलाने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग नही करने आदि सड़क सुरक्षा की शपथ लोगों को दिलाई। कार्यक्रम में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी, सड़क सुरक्षा प्रभारी आकांक्षा पटेल, डॉ0 श्याम कुमार चौधरी, डॉ0 कमर जहां, डॉ0 रीमा शुक्ला, खुशबू, श्री जगदम्बा प्रसाद, कालेज कर्मचारियों एवं बड़ी संख्या में छात्राओं ने प्रतिभाग किया।



**दिनाँक-24-01-2025** को राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर महिला महाविद्यालय बहराइच में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक की कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 अमृता मिश्रा के निर्देशन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 अमृता मिश्रा का व्याख्यान आयोजित किया गया उन्होंने पी.पी.टी. के माध्यम से व्याख्यान देते हुए छात्राओं को बताया कि इस दिवस की इस वर्ष की थीम है **"उज्ज्वल भविष्य के लिए बालिकाओं को सशक्त बनाना"** इस दिन का उद्देश्य बालिकाओं के अधिकारों की सुरक्षा और समरक्षण है जिससे उनकी उच्च्व गुणवत्ता वाली शिक्षा तक पहुंच हो और उनके लिए शिक्षा के उपलब्ध विकल्पों को बढ़ावा दिया जा सके तथा उनके जीवन मे सुधार हो तथा उन्हें बेहतर भविष्य दिया जा सके। इस अवसर पर महाविद्यालय के अन्य प्रवक्तागण भी उपस्थित रहे।

**दिनांक-25-01-2025** को महिला महाविद्यालय बहराइच में प्राचार्या प्रो (डॉ0) प्रिया मुखर्जी की अध्यक्षता एवं राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 अमृता मिश्रा के निर्देशन में राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर एक दिवसीय शिविर एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत गोष्ठी में छात्राओं को संबोधित करते हुए कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 अमृता मिश्रा ने कहा कि एक लोकतांत्रिक देश की नींव वहां के नागरिकों को मिले मतदान के अधिकार पर निर्भर करती है।भारत में नागरिकों को मतदान के लिए जागरूक करने के लिए प्रतिवर्ष 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाता है। मानव श्रृंखला बनाकर एवं रैली निकालकर लोगों को जागरूक करते हुए निष्पक्ष मतदान करने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी शिक्षण एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।



my city

श्रावस्ती

# सभी ने ली मतदान करने की शपथ

## कलेक्ट्रेट सहित सभी तहसीलों में निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली

बनाई मानव शृंखला

डीएम ने मतदाताओं को दिलाई शपथ






प्राचार्या
महिला महाविद्यालय
बहराइच

Coordinator
IQAC
Mahila Mahavidyalaya, Bahraich

कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय
बहराइच